हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

9 लंका दहन से लक्ष्मण शक्ति तक की लीलाओं का...



10 निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों...



चर्म एवं यौन रोग विशेषज्ञ
हर बृहस्पतिवार 10 बजे से 5 बजे तक
Dr. Yogendra Yadav MBBS, MD (Skin & VD)
ENT सुविधा 24 घंटे
कान, नाक, गला के सभी रोगों का इलाज
Dr. Vikrant Dagar MBBS, MS (ENT)
VIKRANT ENT & GENERAL HOSPITAL
Near Masani Chowk, Mahendergarh Ph. : 8708099702

नारनौल में शोभा सागर पर 51 फुट के रावण का दहन

हजारों श्रद्धालुओं ने देखा राम-रावण युद्ध का रोमांचक मंचन

दशहरा पर्व : राम की विजय, रावण का अंत..जय श्रीराम से गूंजा जिला महेंद्रगढ़

विजय जुलूस में आकर्षक झांकियां, रथ और बग्गियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सबसे आगे सूर्य नारायण का विग्रह रथ चल रहा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

विजयदशमी के पावन पर्व पर श्री आदर्श सनातन धर्म ड्रामेटिकल क्लब की ओर से भगवान श्रीराम का भव्य विजय जुलूस निकाला गया। पुल बाजार से शुरू हुआ जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ शोभा सागर स्थित युद्ध स्थल पहुंचा। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष से शहर का वातावरण राममय हो गया। शोभा सागर पर भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध के रोमांचक मंचन के बाद 51 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

विजय जुलूस के शुभारंभ से पहले पुल बाजार पर पांच सदस्यीय ब्राह्मण दल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान श्रीराम का तिलक किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी और उनकी विजय की मंगलकामना की। जुलूस संयोजक प्रवीण संघी के नेतृत्व में निकले इस विजय जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। विजय जुलूस में आकर्षक झांकियां, रथ और बग्गियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सबसे आगे सूर्य नारायण का विग्रह रथ चल रहा था। इसके पीछे नल, नील, अंगद, सुग्रीव और जांबवंत की बग्गी थी। तीसरे रथ में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी के स्वरूप विराजमान रहे, जबकि अंत में लंकापति रावण को युद्ध के लिए कूच करते हुए दर्शाया गया। अलवर के प्रसिद्ध अखाड़े के 51 सदस्यों ने गदका कौशल का प्रदर्शन किया। दिल्ली की ताशा पार्टी, ढोल-नगाड़े, राजस्थान के प्रसिद्ध नागिन बैंड, डीजे पिकअप और आकर्षक झांकियों ने जुलूस में चार चांद लगा दिए।



नारनौल। शोभा सागर तालाब पर जलता रावण का पुतला। फोटो : हरिभूमि

शोभा सागर पर हुआ राम-रावण युद्ध

शोभा सागर स्थित युद्ध स्थल पर पहुंचने के बाद भगवान श्रीराम का दरबार लगाया गया। क्लब सदस्यों और अतिथियों ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी। इसके बाद लक्ष्मण और रावण के बीच युद्ध का मंचन किया गया। बाद में भगवान श्रीराम और रावण के बीच तलवार, धनुष-बाण और अंत में मलयुद्ध का रोमांचक दृश्य प्रस्तुत किया गया। युद्ध मंचन को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। युद्ध मंचन के बाद 51 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान ग्रीन पटाखों और रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा मैदान जगमगा उठा।

अतिथियों का किया सम्मान

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि श्री आदर्श सनातन धर्म ड्रामेटिकल क्लब वर्षों से भगवान श्रीराम के इस पुनीत कार्य को परंपरा के रूप में आगे बढ़ाता आ रहा है। पवन यादव ने कहा कि क्लब के सदस्य महीनों की मेहनत और तपस्या के बाद इस आयोजन को सफल बनाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता दानवीर मामाशाह मातादीन पनिहार ने की। क्लब संरक्षक किशन चौधरी एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य ममता यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी आदि मौजूद रहे।



मंडी अटेली। राजकीय मॉडल स्कूल के खेल मैदान में धू-धूकर जलते रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतले। फोटो : हरिभूमि

कनीना में किया रावण के पुतले का दहन

कनीना। दशहरा पर्व पर क्षेत्र में कार्यक्रमों की धूम रही। अनेक जगह माता की कड़ाही और संस्कृति को सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कनीना में आयोजित रामलीला का समापन हुआ और श्याम के समय रावण के पुतले का दहन किया गया। लोगों ने गोशाला में गायों की सेवा भी की और गरीब लोगों को मिठाई भी बांटी गई। बुचावास गोशाला के संचालक महंत विट्ठल गिरी महाराज ने कहा कि दशहरा पर्व का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।



अटेली में धू-धूकर जला रावण अधर्म पर हुई धर्म की विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली के झंडा चौक पर मंगलवार को श्री शिव रामलीला समिति के तत्वावधान में विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार और अरुण मास्टर रहे। रामलीला में राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया। इस बार पहली बार तीन पुतलों का दहन किया गया। इससे पहले बाजार में भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण की झांकियां निकाली गईं। झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं और क्षेत्रवासी पहुंचे। समिति के लीला राम सरपंच, पिंकू शर्मा, जितेंद्र सीए, गौरव गर्ग, राकेश सैनी, डॉ. राजकुमार, राजवीर जांगिड़ और अजय मुद्गल सहित अन्य सदस्यों ने रामलीला में व्यवस्थाएं संभालीं।

बाजरे की खरीद के लिए गांवों का रिवाइज्ड शेड्यूल जारी

नांगल चौधरी। अनाज मंडी में बाजरे की फसल बेचने के लिए किसानों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मार्केट कमेटी ने खरीद व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए गांवों का रिवाइज्ड शेड्यूल जारी किया है। इसके तहत 20 से 24 अक्टूबर तक अलग-अलग गांवों के किसानों के लिए बाजरा बेचने की तिथियां निर्धारित की गई हैं। वहीं 25 अक्टूबर को मंडी में खरीद कार्य के लिए अवकाश रहेगा। मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने बताया कि 20 अक्टूबर को लुजोता, मौखुंड, मेघोत बिंजा, मेघोत हाला, 21 अक्टूबर को भुंगारका, मोहनपुर, मोसमपुर, मुसनौता, 22 अक्टूबर को मुलोदी, नांगल चौधरी, नांगल दुर्गा, नांगल कालिया, 23 अक्टूबर को नांगल नूनिया, नांगल पीपा, नांगल सोडा, नापला, नारहेड़ी, 24 अक्टूबर को नायन, नेहरू नगर, नियामतपुर, नियाजलीपुर गांवों के किसानों के लिए खरीद का कार्यक्रम तय किया गया है। इसके बाद रविवार 25 अक्टूबर को अवकाश रहेगा।

रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन देखने उमड़ा शहर

बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व को लेकर शहर में विजय जुलूस निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

विजयदशमी के पर्व पर महेंद्रगढ़ शहर में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व को लेकर शहर की तीन रामलीला कमेटियों की ओर से विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। देर शाम रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया।

इस दौरान पुतला दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। दशहरा मेले में बच्चों से लेकर बड़ों तक में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं, किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। विजयदशमी के अवसर पर शहर में सुबह से ही पर्व को लेकर चहल-पहल बनी हुई थी। शाम होते-होते विजय जुलूस और दशहरा उत्सव को लेकर लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी। तीनों रामलीला कमेटियों की ओर से निकाले गए विजय जुलूस ने शहर के माहौल को भक्तिमय बना दिया। जुलूस में शामिल लोगों ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया।

बुराई पर अच्छाई की जीत का दिया संदेश

देर शाम रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। इस परंपरा को देखने के लिए शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पुतला दहन के समय लोगों की भीड़ बढ़ गई। परिवारों के साथ पहुंचे लोगों ने दशहरा उत्सव का आनंद लिया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में भी पर्व को लेकर उत्साह दिखाई दिया। पुतला दहन के साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। लोगों ने इस पर्व को पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया।

मेले में बच्चों को खूब भाए खिलौने

दशहरा मेले में बच्चों के आकर्षण का केंद्र खिलौनों की दुकानें रहीं। खिलौने वाली तलवारें, त्रिशूल और हनुमान जी की गदा बच्चों को खूब पसंद आईं। कई बच्चे इन खिलौनों को लेकर मेले में घूमते दिखाई दिए। दुकानदारों ने भी पर्व को देखते हुए बच्चों की पसंद के खिलौने और अन्य सामान सजा रखे थे। मेले में खरीदारी और घूमने आए लोगों की मौजूदगी से उत्सव का माहौल बना रहा। बच्चों के लिए यह आयोजन खास आकर्षण का केंद्र रहा, वहीं परिवारों ने भी मेले में समय बिताया।



महेंद्रगढ़। रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले जलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस रही सतर्क

दशहरा उत्सव में लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। पुतला दहन के दौरान किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोकने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा को लेकर विशेष निगरानी रखी गई। त्योहार के दौरान लोगों की आवाजाही और बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी को देखते हुए पुलिस की सतर्कता महत्वपूर्ण रही। शांतिपूर्ण ढंग से दशहरा उत्सव संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया गया। महेंद्रगढ़ में विजयदशमी का पर्व धार्मिक आस्था, पारंपरिक उल्लास और सामाजिक सहभागिता के साथ मनाया गया। विजय जुलूस, जगह-जगह हुआ स्वागत, पुतला दहन और दशहरा मेले की रौनक पूरे आयोजन के प्रमुख आकर्षण रहे।

विधायक ने छोड़े सद्भावना के गुब्बारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर में मंगलवार को दशहरा पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। सनातन धर्म सभा और मंदिर श्री सूर्य नारायण जी, मोहल्ला धोलियान के संयुक्त तत्वावधान में भगवान श्रीराम की विजय शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बजाजा बाजार, मानक चौक, गांधी बाजार, आजाद चौक, मोहल्ला चौधरियान, गुरुनानकपुरा और पुरानी मंडी से होते हुए जल महल के समीप नई अनाज मंडी स्थित दशहरा मैदान पहुंची। धार्मिक झांकियां और घुड़सवारी आकर्षण का केंद्र रहीं।

■ नारनौल में धूमधाम से मनाया दशहरा

मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव ने सद्भावना और शांति के प्रतीक गुब्बारे छोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राम-रावण युद्ध के मंचन के बाद रावण दहन किया गया। विधायक ने कहा कि दशहरा अहंकार, क्रोध और सामाजिक बुराइयों के अंत का संदेश देता है। इस अवसर पर गोपाल शरण गर्ग, गोविंद भारद्वाज, राकेश शर्मा, कमलेश सैनी, संजय गर्ग, बेगराज गोयल, सूरज बौहरा, सतीश गर्ग, केदारनाथ गर्ग, बजरंग लाल गुप्ता, मदन मोहन संघी, बनवारी लाल सैनी, भगवान दास जैन, रोहतास कुमार अग्रवाल, गोपाल मित्तल, दयानंद यादव, अतेंद्र यादव, इंद्रलाल और पन्नालाल आदि मौजूद रहे।



नारनौल। अनाज मंडी में जलता रावण का पुतला।

त्योहारों व शादियों के सीजन में सुरक्षा के लिए बरतें अतिरिक्त सतर्कता

घर बंद कर बाहर जाने से पहले पुलिस को दें सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के निर्देशानुसार पुलिस ने त्योहारों एवं शादियों के सीजन में घर बंद करके बाहर जाने वाले जिलावासियों से संबंधित थाना या चौकी को इसकी जानकारी देने की अपील की है। समय पर सूचना मिलने से पुलिस को बंद मकानों वाले क्षेत्रों में प्रभावी गश्त एवं निगरानी की योजना बनाने और चोरी की घटनाओं की रोकथाम में सहायता मिलेगी।

पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि त्योहारों, पारिवारिक समारोहों और शादियों में शामिल होने के लिए कई परिवार कुछ दिनों के लिए घर से बाहर चले जाते हैं। ऐसे में मकान लंबे समय तक बंद रहने पर असामाजिक तत्व मौके का फायदा उठाने का प्रयास कर सकते हैं। यदि पुलिस को पहले से जानकारी हो कि संबंधित परिवार बाहर गया हुआ है, तो उस क्षेत्र में गश्त के दौरान विशेष सतर्कता बरती जा सकती है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है।

नागरिक अपने बाहर जाने की सूचना संबंधित थाना या चौकी में देने के अतिरिक्त सुरक्षा शाखा प्रभारी, नारनौल के मोबाइल नंबर 70566 06138 तथा पुलिस कंट्रोल रूम, नारनौल के मोबाइल नंबर 7056606002 पर कॉल करके भी दे सकते हैं। इसके अलावा डायल 112 के माध्यम से भी पुलिस को सूचित किया जा सकता है।

सूचना देते समय अपना नाम, मकान का स्पष्ट पता, संपर्क नंबर और बाहर रहने की संभावित अवधि बताएं। संभव हो तो किसी विश्वसनीय पड़ोसी अथवा नजदीकी परिजन का संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर संपर्क किया जा सके। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विशेषकर लंबे समय के लिए बाहर जाने वाले परिवार पुलिस को सूचित करने के साथ घर की सुरक्षा व्यवस्था अवश्य जांच लें।

घर में नकदी, आभूषण अथवा अन्य कीमती सामान होने पर अतिरिक्त सावधानी बरतें और संभव हो तो कीमती वस्तुओं को सुरक्षित लॉकर में रखें। दरवाजों और खिड़कियों के ताले अच्छी तरह जांचें तथा सीसीटीवी कैमरे लगे हो, तो उन्हें चालू हालत में रखें। किसी विश्वसनीय पड़ोसी या परिजन से घर पर नजर रखने का अनुरोध करें।



व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय अपनाना भी जरूरी

एसपी दीपक कुमार ने कहा कि अपने बाहर जाने की अवधि, घर खाली होने की जानकारी या कीमती सामान का विवरण सार्वजनिक सोशल मीडिया पोस्ट में साझा न करें। यह जानकारी सीधे पुलिस और भरोसेमंद व्यक्तियों तक सीमित रखें। पुलिस को सूचना देने के साथ व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय अपनाना भी जरूरी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि त्योहारों और खुशियों के अवसर पर घर की सुरक्षा को नजरअंदाज न करें।



जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।



हॉलीवुड मसाला



जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर

नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन से सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।



सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कॅरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे । उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।



करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।



नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, ग्रेस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्चंडे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।



बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एविक्शन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।



रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), सई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।



इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तन्वी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।



एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।



आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

भैरव मंदिर के पास न्यू रामलीला कमेटी सतनाली में दिखाई लीलाएं

लंका दहन से लक्ष्मण शक्ति तक की लीलाओं का किया शानदार मंचन

लक्ष्मण के मूर्छित होने का दृश्य देखकर दर्शक हुए भावुक



सतनाली मंडी। रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

कस्बे के भैरव मंदिर के पास न्यू रामलीला कमेटी सतनाली की ओर से आयोजित रामलीला के नौवें दिन लंका दहन, लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध और लक्ष्मण शक्ति की लीला का शानदार मंचन किया गया। मंचन में दिखाया गया कि हनुमान जी लंका पहुंचकर लंका दहन करते हैं।

इसके बाद युद्ध के दौरान मेघनाद लक्ष्मण को पराजित करने में असफल रहने पर उन पर शक्ति बाण चला देता है। बाण लगते ही लक्ष्मण मूर्छित होकर गिर पड़ते हैं। भाई की हालत देखकर श्रीराम व्याकुल हो उठते हैं। लक्ष्मण के मूर्छित होने का दृश्य देखकर दर्शक भावुक हो गए। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। लीला में श्रीराम की भूमिका श्याम वालिया, लक्ष्मण की विनय भारद्वाज, सीता की वीरू, हनुमान की मनीष सुरोलिया, सुग्रीव की दीपक शेखावत, बाली की सोहन पहलवान, तारा की बिल्लु पटवा, रावण की सतपाल भार्गव, विभीषण की अतर भार्गव, मेघनाथ की भूमिका में दिनेश पटवा ने अभिनय किया। इस मौके पर कमेटी प्रधान विक्रम शेखावत, डायरेक्टर नरपाल शेखावत, मंच सचालक मा. कमल आदि उपस्थित रहे।

रामलीला कमेटी को किया सम्मानित

रामलीला के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। रामलीला केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देती है। यह बात भगवान परशुराम वेल्फेयर सोसायटी सतनाली प्रधान शिवकुमार शास्त्री ने सतनाली में न्यू रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला के दौरान कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सम्मानित करते हुए उनके द्वारा धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रामलीला के सफल आयोजन में कमेटी के सदस्यों और कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और धार्मिक सद्भाव को मजबूत करते हैं।

चांदुवाड़ा रामलीला: लंका युद्ध के मंचन ने मोहा मन



नारनौल। मोहल्ला चांदुवाड़ा स्थित श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट की ओर से आयोजित 77वें ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव के दौरान सोमवार की रात धर्म प्रेमियों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। संरक्षक शंभू दयाल गर्ग के मार्गदर्शन, संस्थापक पं. रेवती नंदन हरित के आशीर्वाद, डॉ. मनोज वर्मा के कुशल निर्देशन में सजे मंच पर रामायण के अंतिम चरणों के युद्ध और प्रेरणादायक प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया। राम का अभिनय दीपक हरित, सुग्रीव का पंकज सोनी, लक्ष्मण का अनिल चौहान, हनुमान का तरुण सोनी, विभीषण का सत्यम वर्मा, अंगद का लोकेश सोनी, जामवंत का लखन सोनी, रावण का विशाल हरित, कुंभकरण का शंभू दयाल, मेघनाद का अंशु हरित, अहिरावण का मोहित सोनी ने अभिनय किया। ट्रस्ट के प्रधान संजय गर्ग, सचिव दीपक हरित, कोषाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज व रामलीला प्रधान नरेंद्र जैन ने बताया कि रात को जल महल के नजदीक स्थित नई अनाज मंडी में रामलीला के कलाकारों की ओर से रावण दहन लीला का भव्य मंचन किया गया। वहीं बुधवार को महोत्सव के तहत भगवान श्री राम का भव्य राजतिलक, आरती, प्रसाद वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

कुंभकरण व मेघनाद वध की लीला का मंचन



नारनौल। अनाज मंडी स्थित श्री कृष्णा ड्रैमेटिकल क्लब के रंग मंच पर भगवान नारायण सेवा संस्था की आरे से आयोजित रामलीला में 13वें रामलीला में कुंभकरण व मेघनाद वध की लीला का मंचन हुआ। रामलीला कमेटी के प्रभारी दयानन्द सैनी ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ नगर परिषद चेयरमैन कमलेश सैनी, भगवान दास जैन, बजरंग शास्त्री, दीपक जैन ने गणेश पूजन के साथ किया। मंच संचालन भारत भूषण तायल व रतन लाल प्रभाकर ने किया। रामलीला कमेटी के प्रवक्ता सुरेन्द्र जैन ने बताया कि राम का अभिनय नवीन सिंघल, लक्ष्मण-पार्थ कंछल, हनुमान-शुभम सोनी, विभीषण-प्रथम मित्तल, सुग्रीव-दीपक कोहली, अंगद-जतिन कटारिया, कुंभकरण-विजय जैन, रावण-वेदप्रकाश सैनी, मेघनाथ-विष्णु ढहनवाल, राजकमल-जगदीश बिल्ला, अहिरावण-संजय जाबर, मकर ध्वज का अभिनय हितेश वर्मा ने किया। इस मौके पर मोनू भाटा, विजय जैन, निहालचंद सर्राफ, गोपाल जैन, मोक्ष जैन, भावेश गोयल, अमित सिंघल, नरेश तायल, जोगेंद्र शर्मा, हिमांशु सैनी, भगवान दास सैनी, बिशन सैनी, मुकेश शर्मा आदि मौजूद थे।



मंडी अटेली। सिहमा में पौधों की देखभाल करने के लिए प्रेरित करते हुए।

व्यावहारिक शिक्षा की पहल

सिहमा में विद्यार्थियों ने सीखे बागवानी के गुर

- किचन गार्डन तैयार करने, पौधों की देखभाल करने और कटिंग के माध्यम से नए पौधे तैयार करने का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहमा में प्री–वोकेशनल कार्यक्रम के तहत कक्षा छह से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किचन गार्डन तैयार करने, पौधों की देखभाल करने और कटिंग के माध्यम से नए पौधे तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक शिक्षा और उपयोगी कौशल प्रदान करना रहा। इस गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों को किचन गार्डन के महत्व, सब्जियां उगाने की विधि, मिट्टी तैयार करने और पौधों के उचित रखरखाव की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि घर और विद्यालय में किचन गार्डन तैयार कर ताजी, पौष्टिक और रसायन मुक्त सब्जियां प्राप्त की जा सकती हैं। विद्यार्थियों ने पौधों में पानी देने, निराई-गुड़ाई करने और जैविक खाद के उपयोग की प्रक्रिया भी समझी। इसके अलावा पौधों की कटिंग से नए पौधे तैयार करने की विधि का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि इस तकनीक से कम खर्च में अधिक पौधे तैयार कर हरियाली को बढ़ावा दिया जा सकता है। गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं पौधों की कटिंग लगाई और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य कृष्ण कुमार ने कहा कि प्री वोकेशनल शिक्षा विद्यार्थियों में व्यावहारिक कौशल, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करती है। मिडल हेड भीमसिंह ने विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर वोकेशनल टीचर मनोज कुमार, रंजना आदि ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

आरपीएस में कॉमर्स क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



विद्यार्थियों में वाणिज्य विषय के प्रति रुचि विकसित करने, व्यावसायिक ज्ञान बढ़ाने तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आरपीएस विद्यालय की सीनियर विंग के विद्यार्थियों के लिए कॉमर्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने किया। वहीं सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी और विंग हेड देवेंद्र पुनिया ने विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। डॉ पवित्रा राव ने विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा विषय की गहरी समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विंग हैड देवेंद्र पूनिया व कॉमर्स हेड शिव कौशिक ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के ज्ञान और कौशल को परखने के लिए कुल आठ रोचक राउंड आयोजित किए गए। इनमें द कॉमर्स किक-ऑफ राउंड, अकाउंटेंसी राउंड, टैगलाइन राउंड, बिजनेस स्टडीज राउंड, नाम बताओ-पॉइंट्स कमाओ राउंड, इकोनॉमिक्स राउंड, पर्सनैलिटी एंड लोगो राउंड तथा रैपिड फायर राउंड शामिल रहे। प्रत्येक राउंड में विद्यार्थियों को निर्धारित समय में प्रश्नों के उत्तर देने का अवसर मिला।

लंबोरिया स्कूल में विद्यार्थियों ने किया रावण दहन



नांगल चौधरी। रामनवमी के पर्व पर लंबोरिया एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधक निदेशक राजपाल लंबोरा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले तैयार कर उनका दहन किया। वहीं बच्चों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की आकर्षक झांकी प्रस्तुत कर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान के स्वरूप धारण कर अयोध्या पहुंचने की झांकी प्रस्तुत की। बच्चों की ओर से तैयार किए गए पुतलों और धार्मिक पात्रों की आकर्षक प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। चेयरमैन हजारीलाल लंबोरा ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और उनकी प्रस्तुतियों को सराहा। कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं।

आरपीएस में डांडिया नाइट में मचा धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल भड़फ में रविरार की देर शाम नवरात्रि के पावन उपलक्ष्य में भव्य डांडिया नाइट एवं गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों, माता रानी के भव्य दरबार और गुजराती शैली की पारंपरिक सजावट ने लोगों को आकर्षित किया और जमकर धमाल मचाया। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ पवित्र राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव व डिप्टी सीईओ कुणाल राव भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. पवित्रा राव ने अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि शक्ति और नारी सम्मान का प्रतीक है। आज अभिभावकों को बच्चों के साथ यूं झूमते देखकर मन प्रसन्न हो गया। जैसे ही डीजे पर 'ढोलिडा' और 'नगाड़े संग ढोल बाजे' जैसे गरबा गीत बजे, पूरा मैदान डांडिया स्टिक्स की खनक और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। करीब दो घंटे तक लगातार गरबा और डांडिया का दौर चलता रहा, जिसमें अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने एक साथ डांस किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने मां दुर्गा के नौ रूपों पर आधारित विशेष नृत्य नाटिका और गरबा प्रस्तुतियां दीं, जिसने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्या ज्योति भट्ट ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभावक और विद्यालय मिलकर ही बच्चे के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित कर सकते हैं।

सिद्ध पीठ मां भूरा भवानी मेले में हुई खेल प्रतियोगिताएं

महेंद्रगढ़। गांव सिसोठ स्थित सिद्ध पीठ मां भूरा भवानी के मेले में आयोजित खेल प्रतियोगिताएं देर रात्रि संपन्न हुईं। मंदिर कमेटी के प्रधान संदीप यादव व प्रेस सचिव मुकेश चौहान ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता में 5100 रुपये की कुश्ती बलजीत बाघोत ने जीती, 3100 रुपये की कुश्ती कृष्ण खरौली ने जीती। इसके अलावा मटका दौड़ में प्रथम प्रमिला मदीना रोहतक 2100 रुपये, द्वितीय रीना मोहनपुर 1500 रुपये तृतीय संतोष बड़ेसरा 1100 रुपये। इसके अतिरिक्त 10 वर्ष तक के बच्चों की दौड़ में प्रथम -जतिन महेंद्रगढ़ 700 रुपये, द्वितीय अंकुश सिसोठ 500 रुपये व तृतीय गर्वित सिसोठ 300 रुपये। वहीं 14 वर्ष तक के बच्चों की दौड़ में प्रथम प्रवीण पाली 700 रुपये, द्वितीय बीरेंद्र पाली 500 रुपये व तृतीय प्रद्युम्न पाली 300 रुपये। रस्साकशी प्रथम नरोत्तम यादव सिसोठ की टीम 2100, रुपये द्वितीय, विजय सिंह फोरमैन की टीम 1100 रुपये। वॉलीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता में केवल 3 टीमें ही पहुंची और देर शाम तक अन्य टीमें नहीं पहुंचने के कारण टीम कैप्टनों और कमेटी के बीच बनी सहमति के बाद प्रतियोगिता स्थगित कर दी गई। खेल प्रतियोगिता में विजेता टीमों को महंत शक्ति नाथ महाराज, कमेटी के संरक्षक प्रेमचंद सिसोठिया, मंदिर कमेटी प्रधान संदीप यादव, सरपंच वीरेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन सूरत सिंह, सचिव मास्टर अनिल सिसोठिया, कोषाध्यक्ष परमजीत, उप प्रधान विक्रम ढाणी, उप प्रधान विजय सिंह, पूर्व कोषाध्यक्ष बलजीत, लीलू दिल्ली पुलिस, रोहित फौजी, कर्णसिंह फौजी, रजनीश, हरफूल और सुंदर मिस्त्री ने माता का स्मृति चिन्ह भेंट कर और नकद इनाम देकर सम्मानित किया। कमेटी सदस्यों ने राजेश शर्मा झाड़ली और ताराचंद पहलवान को कुश्ती प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाने पर माता रानी का पटका पहनाकर और माता भूरा भवानी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

सरजीत सैनी को मानवाधिकार ब्लॉक प्रधान की मिली जिम्मेदारी



नांगल चौधरी। शहर के तारा नगर मोहल्ला निवासी सरजीत सैनी को महिला सुरक्षा एवं मानवाधिकार ट्रस्ट में महेंद्रगढ़ ब्लॉक प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिससे उत्साहित वार्ड वासियों ने निर्वाचित युवा के अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। सरजीत सैनी की नियुक्ति से युवाओं को कानून और मौलिक अधिकारों के अनुसरण की प्रेरणा मिलेगी। ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में सरजीत सिंह सैनी के सामने अब महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, जरूरतमंद लोगों को उचित मार्गदर्शन देने और अन्याय के मामलों में पीड़ितों की आवाज संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां होंगी। महिला सुरक्षा और मानवाधिकारों की रक्षा केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के लोग अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होते हैं, तभी सकारात्मक बदलाव की राह मजबूत होती है।

केंद्र सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए बनाई टीमें: डॉ. यतेंद्र

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता से घबराकर कांग्रेस नए-नए हथकंडे अपना रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल लोगों को एकत्रित कर केंद्र सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने और भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता को कम करके दिखाने का रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता से घबराकर कांग्रेस नए-नए हथकंडे अपना रही है। विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह झूठे और निराधार हैं।

सरकार की नीतियों से करवाएंगे अवगत

डॉ. यतेंद्र राव ने कहा कि विपक्ष के दुष्प्रचार का जवाब देने और आमजन को जागरूक करने के लिए भाजपा ने जिला महेंद्रगढ़ में अलग-अलग टीमों का गठन किया है। ये टीमें जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार के खिलाफ किए जा रहे दुष्प्रचार की सच्चाई सामने रखेंगी और सरकार की नीतियों एवं उपलब्धियों से लोगों को अवगत करवाएंगी।

उन्होंने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस की जिम्मेदारी विकास अग्रवाल, राजेश कुमार, सोमदेव शर्मा, मैनपाल यादव और राजेश शर्मा को सौंपी गई है। इसी प्रकार लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ पदयात्रा की कमान स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव व पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव संभालेंगे।

वहीं राष्ट्रीय चिंतन संवाद अर्थात बौद्धिक संवाद की जिम्मेदारी पूर्व चेयरमैन गोविंद भारद्वाज, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, सुधीर दीवान, रमेश सैनी, बाबूलाल यादव, दिनेश जैलदार, ललित तंवर एडवोकेट, जयप्रकाश अग्रवाल, सुरेश चौधरी, देवीलाल लुजोता, नरेंद्र यादव, मनीष गुप्ता और अरुण कौशिक को दी गई है। लोकतंत्र बनाम भीड़तंत्र युवा संवाद की जिम्मेदारी मनीष राव, नरेंद्र सरपंच, मनजीत मंढ़ाना, आलोक शर्मा, अमित मिश्रा और नरेंद्र यादव को सौंपी गई है। छात्रों के बीच संवाद एवं जागरूकता अभियान के लिए दयाराम यादव, अजीत सिंह, यज्ञदत्त शर्मा, शमशेर पार्षद और कुलदीप सरपंच को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह घुसपैठिया हटाओ लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत कार्यक्रमों की जिम्मेदारी मनजीत यादव, सोमेश कुमार, कुमारी रिया चौहान, डॉ. अनिल सैनी, डॉ. राजकुमार, दीपेंद्र राव और संदीप कौशिक संभालेंगे। इसके अतिरिक्त विशेषांक पत्रिकाओं के प्रकाशन एवं वितरण की जिम्मेदारी नरेंद्र झिमरिया, वासुदेव यादव, संदीप मालड़ा, डॉ. आरके जांगड़ा, सुरेश पटीकरा, जेपी सैनी, नरेश शर्मा एडवोकेट, मोती सिंह एडवोकेट, महेंद्र गोड़, रितु शर्मा और मंजू शर्मा को सौंपी गई है।

अटेली में कल कांग्रेस निकालेगी रोष मार्च

मंडी अटेली। कांग्रेस की ओर से 22 अक्तूबर को अटेली मंडी में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' आंदोलन के तहत विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।



इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता रोष मार्च निकालने के साथ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन करेंगे। अटेली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमेर सिंह ने बताया कि प्रदर्शन में जिला प्रभारी एवं उकलाना विधायक नरेश सेलवाल, पूर्व सीपीएस अनीता यादव, जिला अध्यक्ष सत्यवीर झूकिया और किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर कृष्ण राव मुख्य रूप से शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता पंजाब नेशनल बैंक के पास एकत्रित होंगे। यहां से पुराने बस स्टैंड तक रोष मार्च निकाला जाएगा। इसके बाद चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता का पुतला दहन किया जाएगा।

नवरात्रि के नौ दिनों की पूजा व साधना पूरी होने के बाद दशमी तिथि को मां दुर्गा का विसर्जन किया

विदाई संस्कार का भी विशेष महत्व

टाइगर क्लब ने हरिद्वार के वीआईपी घाट पर किया माता रानी की मूर्ति का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

टाइगर क्लब परिवार ने हरिद्वार के वीआईपी घाट पर माता रानी की मूर्ति का विसर्जन किया। इस अवसर पर टाइगर क्लब प्रधान राकेश यादव ने बताया कि माता रानी की मिट्टी की मूर्ति का विसर्जन हरिद्वार मां गंगा मैया के वीआईपी घाट पर किया गया। सबसे पहले माता की विधिवत आरती हरिद्वार विद्या पीठ के आचार्य पण्डित बृहमदत कौशिक के सानिध्य में की गई। इसके पश्चात माता रानी की मूर्ति का विधिवत गंगा मैया में विसर्जन किया गया।

उन्होंने बताया कि नवरात्रि के नौ दिनों की पूजा और साधना पूरी होने के बाद, दशमी तिथि को मां दुर्गा का विसर्जन किया जाता है। यह दिन विजयादशमी कहलाता है, जिस तरह नवरात्रि में देवी के नौ रूपों की आराधना की जाती है, उसी तरह उनके विदाई संस्कार का भी विशेष महत्व होता है। इस दिन माता डोली पर प्रस्थान करेंगी, जो घर और परिवार के लिए सुख-शांति का प्रतीक माना जाता है। माता की मूर्तियों के विसर्जन के दौरान मंत्र का उच्चारण करते हुए उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई और मां को अगले वर्ष फिर से आने का निमंत्रण भी है। यह प्रक्रिया मां के धरती से पृथ्वी और जल में लीन होने का प्रतीक है, जिससे जीवन चक्र का बोध होता है और यह बुराई पर अच्छाई की जीत का भी संदेश देती है।



नारनौल। हरिद्वार के वीआईपी घाट पर माता रानी की मूर्ति का विसर्जन करते टाइगर क्लब सदस्य।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर टाइगर क्लब परिवार के प्रधान राकेश यादव, सचिव नरेंद्र बंसी, संरक्षक राजेश लखेरा, पंडाल प्रमुख प्रवीण यादव, राहुल राजोरिया, विसर्जन यात्रा प्रमुख पारस शर्मा, पंकज सैनी, अनीश शर्मा, वरिष्ठ सदस्य नवीन वशिष्ठ, प्रचार मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, विकास इंदोरा, हिमांशु शर्मा, अजय भोलू, मुकुल चौधरी, सह संयोजक मनीष गोगिया आदि सदस्य उपस्थित थे।

विद्यार्थियों को किया पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों एक, दो व तीन की ओर से पर्यावरण सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम विषय पर एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा दशहरा व दीपावली के त्योहारों को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से मनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की थीम सुरक्षित पर्यावरण, सुरक्षित भविष्य, हरित नारनौल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएचईओ-कम-प्राचार्य डॉ. अमित चौधरी ने की। इस अवसर पर छात्राओं के लिए भाषण व नारा-लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। शिविर के अंतर्गत पौधरोपण गतिविधि भी आयोजित की गई। इसके पश्चात जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर डॉ. मनमीत कौर, डॉ. प्रिया यादव, डॉ. कंचन बिराट, प्रो. आरपी सिंह, प्रो. मुकेश यादव, डॉ. पारुल गुप्ता, डॉ. अंजू रानी, डॉ. अजय थाकन, डॉ. पवन कुमार आदि मौजूद रहे।



नारनौल। पौधरोपण करते विद्यार्थी व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले करीब 100 परिवारों और पशुओं के सामने स्वच्छ पानी का संकट पैदा होने की आशंका

प्यास बुझाने के लिए बनवाई पानी की टंकी और खेल्ली के पास डाला जा रहा कूड़ा, लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में स्वच्छता अभियान के बीच एक ऐसी स्थिति सामने आई है, जहां झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों और बेजुबान पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करने के उद्देश्य से बनवाई गई टंकी और खेल्ली के आसपास ही कूड़ा डाला जा रहा है। इससे वहां रहने वाले लोगों और पशुओं के पेयजल की स्वच्छता को लेकर चिंता बढ़ गई है। सुबह सैर करने जाने वाले शहर के कुछ लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पानी की टंकी और खेल्ली के आसपास कूड़ा डालने पर रोक लगाई जाए। सैर करने जाने वाले लोगों ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2024 में आपसी सहयोग से नहर पार पहाड़ी के नजदीक माधव वृद्ध के साथ मिलकर एक पानी की टंकी और पशुओं के लिए पानी की खेल्ली बनवाई थी। इसका उद्देश्य झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों और गायों सहित अन्य पशुओं को पानी उपलब्ध करवाना था। उनके अनुसार, इस व्यवस्था से करीब 100 परिवार अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पानी लेते हैं, जबकि बड़ी संख्या में गायें और अन्य पशु भी खेल्ली से अपनी प्यास बुझाते हैं।



नारनौल। व्याप्त गंदगी स्थल पर बनी टंकी से पानी भरते हुए। फोटो : हरिभूमि

नलकूप से रोज भरा जाता है पानी

गौर हो कि सुमेर सिंह यादव अपने नलकूप से प्रतिदिन पानी की टंकी और खेल्ली में पानी भरते हैं, जिससे लोगों और पशुओं को पानी मिल सके। लेकिन अब नगर पालिका की ओर से इनके पास शहर का कूड़ा-कचरा डाला जा रहा है। इससे पानी की स्वच्छता प्रभावित होने की आशंका है। उनका कहना है कि जिन परिवारों के पास पेयजल की सीमित सुविधाएं हैं, उनके लिए यह टंकी महत्वपूर्ण है। ऐसे में इसके आसपास कूड़ा डालना लोगों और पशुओं, दोनों के स्वास्थ्य के लिहाज से चिंता का विषय है।

स्वच्छता अभियान के बीच व्यवस्था पर उठाए सवाल

लोगों ने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए अभियान चला रही हैं। ऐसे में पानी की टंकी और पशुओं की खेल्ली के आसपास कूड़ा डाला जाना स्वच्छता के उद्देश्य के विपरीत है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि इस स्थान पर कूड़ा डालना बंद करवाया जाए और टंकी व खेल्ली के आसपास सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों तथा पशुओं को स्वच्छ पानी मिल सके।

इन्होंने उठाई आवाज

इस संबंध में संयुक्त रूप से मांग उठाने वालों में धर्मपाल शर्मा, चंद्रप्रकाश एडवोकेट, गुरदयाल सिंह नाहर, ओमप्रकाश मैरोडिया, उमेश दत्त शर्मा, सुशील यादव, सतीश वर्मा, अनिल यादव और गजेंद्र थानेदार शामिल हैं।

आज महावीर चौक पर मुख्यमंत्री, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री व एचईआरसी अध्यक्ष के पुतले फूंके

निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का आर पार का ऐलान, तीन दिन की हड़ताल पर जाएंगे

कल निजी कंपनी से हुए समझौते की प्रतियां जलाएंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बिजली के निजीकरण के विरोध में बिजली निगमों की यूनियनों के साझा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को कर्मचारियों ने महावीर चौक पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) अध्यक्ष मुकेश गर्ग के तीन पुतले जलाकर विरोध जताया। कर्मचारियों ने घोषणा की कि बुधवार को निजी कंपनी से किए गए समझौते की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। इसके बाद 22, 23 और 24 अक्टूबर को कर्मचारी तीन दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि बिजली क्षेत्र में निजीकरण के फैसले वापस नहीं लिए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियरिंग तथा डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन के साझा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की केंद्रीय परिषद के आह्वान पर मंगलवार को एसई कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता पावर एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र पाल यादव ने की, जबकि मंच का संचालन जिला प्रधान सत्यप्रकाश यादव तथा एचपीसी प्रधान बीरेंद्र यादव ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए गुरुग्राम में बिजली वितरण के लिए पैरेलल लाइसेंस दिए जाने और 11 पावर लिमिटेड से जुड़े मुद्दों पर विरोध जताया। प्रदर्शन में वीर सिंह एसडीओ कनीना, राकेश एसडीओ महेंद्रगढ़, दीपक एचडी अटेली, इंजीनियरिंग एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी, नारनौल यूनिट के पदाधिकारी, चंद्रजीत यादव, वीरेंद्र यादव, धर्मवीर भाटी सहित विभिन्न संगठनों के सैकड़ों पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।



नारनौल। महावीर चौक पर पुतलों का दहन करते बिजली निगम के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

आज जलाएंगे समझौते की प्रतियां

साझा मोर्चा ने निजीकरण के खिलाफ आंदोलन को अगले चरण में ले जाने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों के अनुसार बुधवार को निजी कंपनी से किए गए समझौते की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। मोर्चा नेताओं ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों की मांगों और सार्वजनिक बिजली व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

सरकारी व्यवस्था और उपभोक्ताओं पर असर की आशंका

कर्मचारियों ने कहा कि हरियाणा विद्युत नियामक आयोग द्वारा गुरुग्राम एवं नूंह में बिजली वितरण के लिए पैरेलल लाइसेंस दिए जाने का फैसला सार्वजनिक बिजली व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उनका कहना था कि इससे सरकारी बिजली निगमों की व्यवस्था, कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा और आम उपभोक्ताओं के हित प्रभावित हो सकते हैं। केंद्रीय परिषद के सचिव सुभाष रोहिल्ला तथा कर्मचारी नेता किरोड़ीमल सैनी ने कहा कि बिजली महज व्यापार का साधन नहीं, बल्कि आम जनता की बुनियादी जरूरत है। इसलिए बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के साथ कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने गत 12, 13 व 14 अगस्त को तीन दिवसीय हड़ताल की थी, तब सरकार ने हड़ताल समाप्त कराते समय भरोसा दिया था कि यह समझौता नहीं किया जाएगा, लेकिन यह समझौता कर बिजली निगम को तबाह करने की शुरूआत कर दी है। जबकि बिजली आमजनता की मूलभूत जरूरत है और जनहित में सरकार को इसे अपने पास ही रखना चाहिए।

हड़ताल से पहले लगातार तेज होगा विरोध

यूनिट प्रधान सत्यप्रकाश यादव और प्रमोद शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित मांगों का जल्द समाधान किया जाए तथा बिजली क्षेत्र में निजीकरण की प्रक्रिया पर पुनर्विचार हो। उन्होंने कहा कि 22 से 24 अक्टूबर तक तीन दिवसीय हड़ताल का निर्णय आंदोलन की गंभीरता को दर्शाता है। कर्मचारियों ने सभी संगठनों और आम जनता से भी आंदोलन में सहयोग की अपील की।

बोले कर्मचारी, बिजली जनसेवा का क्षेत्र

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि बिजली जैसी बुनियादी सेवा को केवल मुनाफे के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। सार्वजनिक बिजली व्यवस्था मजबूत रहेगी तो कर्मचारियों के साथ आम उपभोक्ताओं के हित भी सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने सरकार से निजीकरण संबंधी फैसलों पर पुनर्विचार करने की मांग की।

न्यूज डायरी



कन्या जन्म पर किया कुआं पूजन

नारनौल। महेन्द्रगढ़ माहयच मोहल्ला में अनिता पत्नी संजय माहयच पुत्र बोमप्रकाश नंबरदार के घर नवजात कन्या अनाया का कूआं पूजन धूमधाम से किया गया। प्रमुख समाजसेवी बसपा नेता अतरलाल ने खुशी के मौके पर पहुंचकर कन्या की माता अनिता और परिवार को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कन्या जन्म पर कुआं पूजन करने के लिए परिवार की सराहना करते हुए कहा कि इससे महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के सुधारवादी कदम से दूसरे लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी और लड़कियों के प्रति उनके रूढ़िवादी नजरिए में बदलाव आएगा। कन्या के ताऊ संदीप माहयच प्रधान ने कहा कि लड़कियां सभी क्षेत्रों में बुलंदियां छू रही हैं। हमें उनके पालन-पोषण शिक्षा में भेदभाव नहीं करना चाहिए। इस मौके पर ओमप्रकाश नम्बरदार, संदीप माहयच, सुभाष, गोपी, पप्पू, रमेश, सूरजभान, कैलाश, रामकुमार, संजय, कृष्णा देवी, पिंकी, मंजू, लक्ष्मी, मधु, रजनी, शीला आदि उपस्थित थे।



महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की गारंटी है महिला आयोग: मीना परमार

नारनौल। हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार व हरियाणा महिला आयोग महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना बुधवार को ज्ञानकोश ए ग्लोबल स्कूल परिसर में आयोजित दशहरा बाल मेला-2026 में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि महिला आयोग महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण की गारंटी देता है। आयोग का गठन इसी मकसद से किया गया है। कार्यक्रम में समाजसेवी राधेश्याम गोमला विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर प्रिंसिपल रामनिवास यादव, सीईओ राकेश यादव, रुद्रपाल, लालचंद, सुनील, सत्यनारायण, मनजीत तंवर, रविंद्र तंवर, धोलू पाली, नंबरदार सोनू सिंह पाली मौजूद रहे।

भाजपा का निजीकरण मॉडल हरियाणा को अंधकार की ओर धकेल रहा: राव नरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी को बिजली वितरण का लाइसेंस दिए जाने पर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकारी संस्थानों का निजीकरण करना भाजपा का मॉडल बन गया है। केंद्र की भाजपा सरकार सरकारी संस्थानों को निजी हाथों में सौंपने की राह पर चल रही है और अब उसी तर्ज पर हरियाणा की भाजपा सरकार भी बिजली वितरण व्यवस्था में निजी कंपनियों के प्रवेश का रास्ता खोल रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अनिल विज स्वयं निजी बिजली वितरण लाइसेंस के प्रस्ताव का विरोध कर चुके थे, तो फिर निजी कंपनी को लाइसेंस कैसे मिल गया? यह स्थिति भाजपा सरकार के भीतर गंभीर विरोधाभास को उजागर करती है। सरकार को बताना चाहिए कि जब उसके अपने मंत्री इस प्रस्ताव के खिलाफ थे, तो जनता के हितों से जुड़ा ऐसा फैसला होने ही क्यों दिया गया?। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा की बिजली व्यवस्था का बुनियादी ढांचा जनता के टैक्स के पैसे से तैयार हुआ है। बिजली नेटवर्क, सबस्टेशन और अन्य सुविधाओं को विकसित करने में सरकारी संसाधन और जनता की मेहनत लगी है।



मंडी अटेली। नई अनाज मंडी में एकसाथ दाना चुगते कबूतर। फोटो : हरिभूमि

नई अनाज मंडी में कबूतरों की चहलकदमी, झुंड बना आकर्षण

मंडी अटेली। अटेली की नई अनाज मंडी में इन दिनों कबूतरों की चहचहाहट और उनका झुंड लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। मंडी परिसर में बड़ी संख्या में कबूतर दिनभर दाना चुगते नजर आते हैं। यहां का नजारा ऐसा दिखाई देता है मानो कबूतरों के लिए यह किसी खास ठिकाने से कम नहीं है। मंडी में सुबह से लेकर सायं तक पक्षियों की चहचहाहट सुनाई देती रहती है। नई अनाज मंडी में कबूतरों को खुले परिसर में बेखौफ होकर घूमते और दाना चुगते देखा जा सकता है। कबूतरों के झुंड एक स्थान से दूसरे स्थान पर उड़ते रहते हैं। जमीन पर बिखरे दानों को चुगते कबूतर मंडी के माहौल को जीवंत बनाते हैं। पक्षियों की मौजूदगी से यहां का दृश्य भी आकर्षक नजर आता है। मंडी परिसर में कबूतरों का इस तरह बड़ी संख्या में एकत्रित होना लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र का विषय बना हुआ है।

आयु पूर्ण कर चुके वाहनों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) मनोज कुमार की अध्यक्षता में स्कूल बस संचालकों, वाहन डीलरों तथा बैंक अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में पुराने एवं अपनी निर्धारित आयु पूर्ण कर चुके वाहनों को बदलने, स्क्रैप करवाने तथा हरियाणा सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी और प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में जानकारी दी। हरियाणा सरकार के परिवहन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 6/3/2026-6टी(1) दिनांक 24.06.2026 के संदर्भ में बसों और ट्रकों के लिए विशेष योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा 'परिवर्तन पोर्टल' तैयार किया गया है। वाहन स्वामी अपने पुराने बीएस-I, बीएस-II, बीएस-III तथा बीएस-IV श्रेणी के पंजीकृत वाहनों को इस परिवर्तन पोर्टल के माध्यम से बदल सकते हैं या पंजीकृत स्क्रैप फर्म के जरिए स्क्रैप करवाकर नियमानुसार सब्सिडी एवं प्रोत्साहन राशि का लाभ उठा सकते हैं। बैठक के दौरान आरटीए मनोज कुमार ने अधिकारियों व उपस्थित प्रतिनिधियों को बताया कि पुराने वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन वाहनों की आयु पूर्ण हो चुकी है अथवा जल्द ही पूरी होने वाली है, उनके मालिक इस योजना का समय रहते लाभ उठाएं।



ठाकुर बीरसिंह की 102वीं जयंती समारोह 25 को

सतनाली मंडी। ठाकुर बीरसिंह की 102वीं जयंती के उपलक्ष्य में 25 अक्टूबर को भिवानी में जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। रविवार सायं जमुवाय माता मंदिर सतनाली में कार्यक्रम का निमंत्रण देने पहुंचे समारोह के आयोजक एवं ठाकुर बीर सिंह फाउंडेशन भिवानी के अध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह ने बताया कि समारोह को लेकर लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जयंती समारोह 25 अक्टूबर को शकुंतला गार्डन भिवानी में आयोजित होगा। समारोह के माध्यम से ठाकुर बीरसिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर दिवान शेखावत, राजपूत सभा महेंद्रगढ़ के पूर्व प्रधान सवाई सिंह राठौड़, उमेद सिंह, एडवोकेट पवन शेखावत, होशियार सिंह ढिल्लू, सतबीर सिंह, जसवंत सिंह, राजेंद्र मुन्ना शेखावत, कल्याण सिंह, तेजपाल सिंह, बदन सिंह, शेरसिंह, ओमप्रकाश भगत, अनिल पहलवान आदि उपस्थित रहे।

कैलाश नगर में श्रीश्याम बाबा का जागरण

नारनौल। श्रीश्याम आस्था मंडल के तत्वावधान में सोमवार रात कैलाश नगर रेवाड़ी रोड पर गली नम्बर 17 में निरंजन लाल के निवास स्थान पर जागरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान हरिओम गर्ग ने की। सुरेश सोनी ने बाबा का भव्य दरबार रंग-बिरंगे फूलों व लाइटों से सजाया। आचार्य ने निरंजन लाल, निर्मला देवी से परिवार सहित पवित्र ज्योति प्रज्वलित करवाई। म्यूजिकल ग्रुप से धारू ने गणेश वंदना की। इस मौके पर बलवान जांगिड़, सुरेश सोनी, सोमवीर प्रजापत, मनीषा देवी, ओमवीर, प्रियंका देवी, कार्तिक, वमिका, सात्विक, जयसिंह, धर्मचंद, इन्द्राज, रविंद्र, रितेश, सन्नी, मनीष, अंकित, प्रियांशु, दृष्टि, कुलदीप आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरुण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295154800, 8295738500, 9253681005

ठगी की रकम में से 5 लाख रुपये आरोपी के बैंक खाते में पहुंचे थे

ऑनलाइन टास्क के नाम पर 7.15 लाख ठगे, जोधपुर से आरोपित काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

साइबर थाना टीम ने ऑनलाइन टास्क के माध्यम से कमाई का झांसा देकर अटेली मंडी निवासी व्यक्ति से सात लाख 15 हजार रुपये की ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को जोधपुर, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। जांच में ठगी की कुल राशि में से पांच लाख रुपये सीधे आरोपित के बैंक खाते में पहुंचने पाए गए हैं। जिसकी पहचान नवीन निवासी बांधेरी, शेखासर, जोधपुर, हाल किरायेदार धरती प्रांगण, थाना बासनी, जोधपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। डीएसपी डॉ. कविता ने बताया कि साइबर थाना टीम ने मामले की जांच के दौरान ठगी की रकम के लेनदेन की पड़ताल की। इसमें आरोपित नवीन के बैंक खाते में पांच लाख रुपये आने का पता चला। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित ने अपना बैंक खाता साइबर ठगी करने वालों को उपलब्ध कराया था। डीएसपी डॉ. कविता ने बताया कि शिकायतकर्ता को 28 मई 2025 को व्हाट्सएप पर एक संदेश प्राप्त हुआ था, जिसमें एक निजी कंपनी के नाम पर घर बैठे काम करके प्रतिदिन दो से आठ हजार रुपये तक कमाने का प्रस्ताव दिया गया। शुरूआत में छोटे ऑनलाइन टास्क पूरे करवाकर उसके खाते में कुछ रकम भेजी गई। इसके बाद उसे टेलीग्राम के माध्यम से जोड़कर आगे के टास्क दिए जाने लगे।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

टेलीग्राम पर टास्क देकर साइबर ठगी का मामला

शिकायत के अनुसार शुरूआती भुगतान मिलने से विश्वास बढ़ने पर शिकायतकर्ता से अधिक कमाई का प्रलोभन देकर रकम जमा करवाई जाने लगी। पहले एक हजार रुपये जमा करवाकर 1,400 रुपये और फिर पांच हजार रुपये जमा करवाकर 7,250 रुपये लौटाए गए। इसके बाद उससे 15 हजार रुपये जमा करवाए गए और आगे अधिक लाभ मिलने का दावा किया गया। अतिरिक्त रकम जमा नहीं करवाने पर पहले दिए गए पैसे वापस नहीं मिलने की बात कहकर दबाव बनाया गया। इसके बाद शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपये और जमा करवाए गए। फिर टास्क गलत होने तथा रकम फंसने का दावा करके पहले डेढ़ लाख रुपये और बाद में पांच लाख रुपये बताए गए बैंक खातों में भेजने के लिए कहा गया। इस प्रकार शिकायतकर्ता से कुल सात लाख 15 हजार रुपये जमा करवा लिए गए। जब उसने अपनी रकम निकालने का प्रयास किया, तो पैसे फ्रीज होने का बहाना बनाकर साढ़े चार लाख रुपये और मांगे गए। इसके बाद संबंधित टेलीग्राम अकाउंट डिलीट कर दिया गया, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर साइबर थाना में 12 सितंबर 2025 को मुकदमा दर्ज किया गया था।